भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 630 #
गुरुवार, 07 दिसम्बर, 2023/16 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

वन्य जीव पर्यटन को बढ़ावा देने संबंधी योजना

630 # श्री नीरज डांगी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की वन्यजीव पर्यटन के लिए कोई योजना है, यदि हाँ, तो राजस्थान सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा राजस्थान राज्य में राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों में वन्यजीव और वन पर्यटन के विस्तार के लिए की गई पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा विगत दो वर्षों के दौरान वन्यजीवन और वन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या-क्या प्रयास किये गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत वन्यजीव परिपथ और ईको परिपथ को विकास हेतु चिह्नित 15 थीमेटिक परिपथों में शामिल किया है। उपरोक्त परिपथों में देश के राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव अभयारण्य और रिजर्व शामिल हैं। स्वदेश दर्शन योजना के वन्यजीव और ईको परिपथों के अंतर्गत विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है। इस योजना के उपरोक्त दोनों परिपथों के अंतर्गत राजस्थान राज्य में कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है।

उपरोक्त के अतिरिक्त पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने सूचित किया है कि उन्होंने "वन एवं वन्यजीव क्षेत्रों में स्थायी ईको पर्यटन हेतु दिशानिर्देश-2021" जारी किए हैं।

उपरोक्त के अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय वर्तमान में जारी अपने कार्यकलापों के एक भाग के रूप में देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों के संवर्धन के लिए 'अतुल्य भारत' ब्रांड लाइन के तहत विदेशों में स्थित महत्वपूर्ण एवं संभावित बाज़ारों में वैश्विक, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है। मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से भी वन्यजीव पर्यटन थीम सहित विभिन्न थीमों का नियमित रूप से डिजिटल संवर्धन किया जाता है।

*****

अनुबंध

श्री नीरज डांगी द्वारा वन्य जीव पर्यटन को बढ़ावा देने संबंधी योजना के संबंध में दिनांक 07.12.2023 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 630 # के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

देश में स्वदेश दर्शन योजना के वन्यजीव तथा ईको परिपथों के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

वन्यजीव परिपथ **(करोड़ रु. में)**

क्र. सं.	राज्य का नाम	स्वीकृति का वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
1.	मध्य प्रदेश	2015-16	पन्ना - मुकुंदपुर - संजय - डुबरी - बांधवगढ़ - कान्हा - मुक्की - पेंच में परिपथ का विकास।	92.10	86.31
2.	असम	2015-16	मानस - प्रोबितोरा - नामेरी - काज़ीरंगा - डिब्रू - सेखोवा का विकास।	94.68	89.94
			कुल	**186.78**	**176.25**

ईको परिपथ **(करोड़ रु. में)**

क्र. सं.	राज्य का नाम	स्वीकृति का वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
1.	उत्तराखंड	2015-16	टिहरी झील के आसपास टिहरी - चंबा - सैरन का विकास।	69.17	69.17
2.	तेलंगाना	2015-16	महबूबनगर जिले में ईको पर्यटन परिपथ का विकास (सोमसिला, सिंगोतम, कडलैवनम, अक्कामहादेवी, इगलन्पंता, फराहाबाद, उमा महेश्वरम, मल्लेलतीर्थम)	91.62	91.25
3.	केरल	2015-16	पत्तनमतिट्टा - गावी - वागमोन - तेक्कडी का विकास।	64.08	64.08
4.	मिजोरम	2016-17	आइज़ावल - रापुईछिप - खावहपहवप - लेंगपुई - डर्टलैंग - चेतलांग - साकावरमुइतइतलांग - मूथी - बेरातलवंग - तुइरियल एयरफ़ील्ड -हमुईफांग इको - एडवेंचर परिपथ का विकास	66.37	53.09
5.	मध्य प्रदेश	2017-18	गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बरगी बांध - भेड़ाघाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास	93.76	89.07
6.	झारखंड	2018-19	दलमा - बेतला - राष्ट्रीय उद्यान -	30.44	28.83

			मिरचैया - नेतरहाट का विकास		
			कुल	**415.44**	**395.49**

*****